# डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद(उ0प्र0)
**DR. RAM MANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, FAIZABAD (U.**

पत्रांक: लो0अ0वि0 / परीक्षा / 305 / 2018 दिनांक: 20.03.2018

सेवा में,

समस्त केन्द्राध्यक्ष,
मुख्य परीक्षा- वर्ष २०१८
**सम्बद्ध समस्त परीक्षा केन्द्र ,**
डा० रा० म० लो० अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद।

**विषय- मुख्य परीक्षा वर्ष २०१८ के नोडल केन्द्र (प्रश्नपत्र वितरण/उ०पु० संकलन केन्द्र) के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

मुख्य परीक्षा-२०१८ को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नोडल केन्द्र (प्रश्नपत्र वितरण/उत्तर पुस्तिका संकलन केन्द्र) की व्यवस्था निम्नवत सूची के अनुसार सुनिश्चित की गयी है:-

| क्रम संख्या | निर्धारित नोडल केन्द्र (प्रश्नपत्र वितरण/उत्तर पुस्तिका संकलन केन्द्र) |
|---|---|
| १. | किसान पी० जी० कालेज, बहराइच |
| २. | एम० एल० के० पी० जी० कालेज बलरामपुर |
| ३. | एल० बी० एस० पी० जी० कालेज, गोण्डा |
| ४. | आचार्य नरेन्द्र देव किसान पी० जी० कालेज, बभनान, गोण्डा |
| ५. | डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद |
| ६. | ढोढेराम पी०जी० कालेज, सेवरा, फैजाबाद |
| ७. | का०सु० साकेत पी०जी० कालेज, अयोध्या, फैजाबाद |
| ८. | जे० एल० एन० स्मारक पी० जी० कालेज, बाराबंकी |
| ९. | रामनगर पी०जी० कालेज, बाराबंकी |
| १०. | बी० एन० के० बी० पी० जी० कालेज अकबरपुर, अम्बेडकरनगर |
| ११. | बाबा बरूआ दास पी० जी० कालेज परूइया आश्रम, अम्बेडकरनगर |
| १२. | पं० राम लखन शुक्ल राजकीय पी० जी० कालेज आलापुर, अम्बेडकरनगर |
| १३. | सन्त तुलसी दास पी० जी० कालेज, कादीपुर, सुलतानपुर |
| १४. | के०एन०आई०पी०एस०एस० सुल्तानपुर |
| १५. | संजय गाँधी पी०जी० कालेज, सुल्तानपुर |
| १६. | आर० आर० पी० जी० कालेज, अमेठी, सुलतानपुर |
| १७. | मुनीश्वर दत्त पी० जी० कालेज, प्रतापगढ़ |
| १८. | स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी, प्रतापगढ़ |
| १९. | बजरंग पी० जी० कालेज, कुण्डा, प्रतापगढ़ |
| २०. | मदन मोहन मालवीय पी० जी० कालेज, कालाकांकर, प्रतापगढ़ |
| २१ | हेमवती नन्दन बहुगुणा पी० जी० कालेज, लालगंज, प्रतापगढ़ |

समस्त नोडल केन्द्रों (प्रश्न पत्र वितरण/उत्तर पुस्तिका संकलन केन्द्रों) के प्रश्नपत्र वितरण प्रभारियों/संकलन प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है कि सूची में उल्लिखित सम्बद्ध परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्राध्यक्ष को विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अनुमोदन पत्र/नियुक्ति पत्र, अद्यतन कार्यरत् अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा मोबाईल नम्बर के सत्यापनोपरान्त ही प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने तथा उत्तर पुस्तिका जमा कराने का कष्ट करें। बिना सत्यापन के किसी भी केन्द्राध्यक्ष को प्रश्नपत्र न हस्तगत कराया जाये और न ही उत्तर पुस्तिका जमा करायी जाय।

प्रत्येक नोडल केन्द्र के दो भाग होंगे- (I) प्रश्नपत्र वितरण केन्द्र तथा (II) उत्तर पुस्तिका संकलन केन्द्र । दोनों भागों के लिए अलग-अलग स्वीकृत स्टाफ और उनका अनुमन्य पारिश्रमिक (वित्त समिति की बैठक दिनांक १२.०४.२०१७ के अन्य बिन्दु संख्या-२ तथा परीक्षा समिति की बैठक दिनांक १८.०४.२०१७ के अन्य प्रस्ताव के बिन्दु संख्या- (II) में लिये गये निर्णय के अनुसार ) निम्नवत होगा-

| | |
|---|---|
| १. प्रश्न पत्र वितरण /उत्तर पुस्तिका संकलन प्रभारी (एक) | रू० ६०००.०० (रू० नौ हजार मात्र) |
| २. प्रश्न पत्र वितरण /उत्तर पुस्तिका संकलन सह प्रभारी (एक) | रू० ८०००.०० (रू० आठ हजार मात्र) |
| ३. तृतीय श्रेणी कर्मचारी (दो) | रू० २७००.०० (रू० दो हजार सात सौ मात्र) |
| ४. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (दो) | रू० १८००.०० (रू० एक हजार आठ सौ मात्र) |
| ५. जलपान (प्रतिदिन) | रू० ५०.०० (रू० पचास मात्र) |
| ६. कन्टीजेन्सी (स्टेशनरी, सुतली, मुहर इत्यादि) | रू० ५००.०० |

प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्राध्यक्ष से अनुरोध है कि वे प्रश्नपत्र वितरण केन्द्र व उत्तर पुस्तिका संकलन केन्द्र हेतु मानकानुसार प्रभारी, सहप्रभारी, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति का कार्यालय आदेश अलग-अलग निर्गत कर उनके नाम, हस्ताक्षर का नमूना एवं मोबाइल नम्बर अधोहस्ताक्षरी को अवश्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। **प्रश्नपत्र का पैकेट प्राप्त कराने तथा उत्तर पुस्तिका का बण्डल प्राप्त करते समय मुहर के साथ स्पष्ट दिनांकित हस्ताक्षर भी अवश्य किया जाये, जिससे परीक्षा केन्द्रों द्वारा तत्क्रम में व्ययित धनराशि का भुगतान कराया जा सके।**

समस्त केन्द्राध्यक्षों से अनुरोध है कि परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए **प्रतिदिन प्रातः ०५.०० बजे प्रश्नपत्रों का पैकेट प्रश्नपत्र वितरण केन्द्रों** से प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा समाप्ति के उपरान्त प्रत्येक दशा में अधिकतम **सांयकाल ६.०० बजे तक परीक्षा के तीनों पालियों की उत्तर पुस्तिकाओं के बण्डल को अपने परीक्षा केन्द्र से सम्बन्धित उत्तर पुस्तिका संकलन केन्द्र पर अवश्य जमा करना** सुनिश्चित करें। बिलम्ब की दशा में सम्बन्धित केन्द्राध्यक्ष स्वयं जिम्मेदार होगें।

प्रश्नपत्र वितरण केन्द्र/उत्तर पुस्तिका संकलन केन्द्र से प्रश्नपत्र का सीलबन्द पैकेट प्राप्त करने/संकलन केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिका प्रेषण के सम्बन्ध में पूर्व से लागू व्यवस्था अर्थात् **कुल वास्तविक दूरी (जाना/आना) के आधार पर रू.७.५० प्रति किमी० की दर से देय होगा।**

- **नोट- अकेले स्वयं का नोडल केन्द्र (प्रश्नपत्र वितरण/उत्तर पुस्तिका संकलन केन्द्र) होने के कारण उपरोक्त मानदेय का निर्धारण मदन मोहन मालवीय पी0जी0 कालेज, कालांकाकर प्रतापगढ तथा एम0एल0के0पी0जी0 कालेज, बलरामपुर के लिए प्रभावी नहीं है।**

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सहायक कुलसचिव/अधीक्षक (गोपनीय/परीक्षा/लेखा विभाग)।
2. प्रोग्रामर, ई0डी0पी को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त पत्र को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड करने के साथ ही साथ सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों के लॉगिन आई0डी0 में सम्प्रेषण कराना सुनिश्चित करें।
3. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी/कुलसचिव, वित्त अधिकारी/कुलसचिव के सूचनार्थ।
5. कार्यालय प्रति/सूचना पट।

परीक्षा नियंत्रक